Date: 13.08.2022

Celebration of Azadi ka Amrit Mahotsav on 13 August, 2022

Youth Red Cross in collaboration with National Service Scheme had organised 4 events to celebrate Azadi ka Amrit Mahotsav on 13 August, 2022. On this occasion Vice Chancellor Prof. J. P. Yadav congratulated all the students who participated in the competitions and said that in this golden age of freedom, we should remember our freedom fighters, because of whom we have got this freedom. In the rangoli competition, Rajni got first, Keshav Kumar got second and Mandeep got third place. In the poster-making competition Komal got first, Ankita Yadav and Sonia got second and third positions respectively. In third activity, T-shirt painting Ravindra got first, Prakash got second and Manish Kumar got third position.

Azadi Ka Amrit Mahotsav
Indira Gandhi University, Meerpur-Rewari
Celebrates
75th Year of Independence
T-Shirt Painting
Rangoli Making
PROUD TO BE AN INDIAN

हर घर तिरंगा

Indira Gandhi University, Meerpur-Rewari
Celebrates
75th Year of Independence

रंगोली, पोस्टर और टी शर्ट पेंटिंग में दिखाई देशभक्ति

आइजीयू मीरपुर में आयोजित प्रतियोगिता में पेंटिंग बनाते प्रतिभागी • सौ. पीआरओ

जागरण संवाददाता, रेवाड़ी : इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना व यूथ रेडक्रास इकाई की रंगोली बनाओ, पोस्टर मेकिंग और टीशर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. जेपी यादव ने कहा कि इस आजादी के अमृत काल में हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. करण सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के विजेताओं को 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। यूथ रेडक्रास की कार्यक्रम समन्वयक डा. समृद्धि ने रंगोली प्रतियोगिता में रजनी ने प्रथम, केशव कुमार ने द्वितीय व मनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, अंकिता यादव द्वितीय व सोनिया तृतीय रहीं जबकि टी-शर्ट पेंटिंग में रविंद्र ने प्रथम, प्रकाश ने द्वितीय व मनीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं का चयन डा. विकास बत्रा, डा. रीना हुड्डा, डा. अल्पा यादव व डा. दीप्ति ने किया। कार्यक्रम अधिकारी सुशांत यादव ने बताया कि 14 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस मौके पर मीरपुर गांव के 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर वाईआरसी कार्यक्रम काउंसलर डा. अदिति त्यागी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. ललित कुमार, डा. स्वाति बिस्ट, संदीप कुमार आदि उपस्थित थे। कुलपति प्रो. जेपी यादव ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास पर महिला कर्मचारी मुनेश देवी के हाथों ध्वजारोहण

कार्यक्रम

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुईं प्रतियोगिताएं, आईजीयू में पोस्टर मेकिंग में कोमल प्रथम

रंगोली में रजनी और टी-शर्ट पेंटिंग में रविंद्र ने बाजी मारी

संवाद न्यूज एजेंसी

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (आईजीयू) की एनएसएस व वाईआरसी इकाइयों ने संयुक्त रूप से आजादी का अमृत महोत्सव और 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तीन प्रतियोगिताएं कराई गईं। इस दौरान प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रेरित करने के लिए खुद कुलपति प्रो. जेपी यादव भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस आजादी के अमृत काल में हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना चाहिए, जिनकी बदौलत हमें तोहफा मिला। रंगोली प्रतियोगिता में रजनी ने सबसे सुंदर रंगोली बनाई।

प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ मौजूद कुलपति व अन्य शिक्षक। संवाद

एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. करण सिंह ने बताया कि स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए शनिवार को पोस्टर मेकिंग, रंगोली व टीशर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। इनके विजेता 15 अगस्त को सम्मानित होंगे। यूथ रेडक्रॉस की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. समृद्धि ने विद्यार्थियों को अपने घरों पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता में रजनी ने सबसे सुंदर रंगोली बनाई, जिनको प्रथम स्थान मिला, जबकि केशव द्वितीय व मनदीप तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग में कोमल प्रथम, अंकिता यादव द्वितीय व सोनिया तृतीय रही। टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में रविंद्र प्रथम, प्रकाश द्वितीय व मनीष तृतीय रहा। निर्णायक मंडल में अर्थशास्त्र विभाग से डा. विकास बत्रा, कंप्यूटर विज्ञान विभाग से डॉ. रीना हुड्डा, वनस्पति विभाग से डॉ. अल्पा यादव व प्राणी विज्ञान विभाग से डॉ. दीप्ति शामिल रहे। कार्यक्रम अधिकारी सुशांत यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति की प्रेरणा से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 14 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम चलेगा। उधर, एनएसएस इकाई गांव मीरपुर के 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को कुलपति के हाथों सम्मानित कराएगी। कार्यक्रम में वाईआरसी प्रोग्राम परामर्शदाता डॉ. अदिति त्यागी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित, डॉ. स्वाति बिष्ट व लिपिक संदीप मौजूद रहे।

Date: 14 August 2022